बीपीसीएल को पीएनजीआरबी स्थापना दिवस पर शहरी गैस वितरण में नेतृत्व के लिए उत्कृष्टता पुरस्कार

**मुंबई, 7 अक्टूबर, 2025:** फॉर्च्यून ग्लोबल 500 कंपनी और भारत की अग्रणी तेल एवं गैस कंपनियों में से एक, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) को शहरी गैस वितरण (सीजीडी) में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए माननीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री, श्री हरदीप सिंह पुरी द्वारा 19वें पीएनजीआरबी स्थापना दिवस पर उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान, भविष्य के विकास को गति देने और भारत के लिए एक स्थायी ऊर्जा मार्ग के निर्माण हेतु बीपीसीएल की परिवर्तनकारी योजना, प्रोजेक्ट एस्पायर के तहत उसके प्रयासों को रेखांकित करता है।

यह पुरस्कार श्री संजय खन्ना, निदेशक (रिफाइनरीज) और बीपीसीएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे श्री शुभंकर सेन, निदेशक (विपणन) और श्री राहुल टंडन, व्यवसाय प्रमुख (गैस) द्वारा प्राप्त किए गए।

पुरस्कार प्राप्त करते हुए, बीपीसीएल के सीएमडी के अतिरिक्त प्रभार सहित निदेशक (रिफाइनरीज) श्री संजय खन्ना ने कहा, "बीपीसीएल में, हम भारत को एक स्वच्छ और अधिक टिकाऊ ऊर्जा भविष्य की ओर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पीएनजीआरबी से मिले ये पुरस्कार शहरी गैस वितरण क्षेत्र में परिचालन उत्कृष्टता और ग्राहक-केंद्रितता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। प्राकृतिक गैस भारत के ऊर्जा मिश्रण में एक महत्वपूर्ण सेतु ईंधन है और प्रोजेक्ट एस्पायर के माध्यम से, हम देश भर में इसकी पहुंच का विस्तार करने के अपने प्रयासों को बढ़ा रहे हैं, जिससे ऊर्जा सुरक्षा और पर्यावरणीय स्थिरता दोनों सुनिश्चित हो सके।"

बीपीसीएल को दो प्रमुख श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए गए:

1. बरगढ़, देबागढ़ और संबलपुर जिलों के भौगोलिक क्षेत्र के लिए सीजीडी (राउंड 9 से आगे) में समग्र सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

2. रूपनगर जिले के भौगोलिक क्षेत्र के लिए ग्राहक सेवा और सेवा वितरण में अग्रणी (राउंड 1 से 8)

इस सम्मान को स्वीकार करते हुए, बीपीसीएल के निदेशक (विपणन) श्री शुभंकर सेन ने कहा, "पीएनजीआरबी पुरस्कार, जो हमारे लिए सम्मान की बात है, परिचालन उत्कृष्टता के प्रति बीपीसीएल की प्रतिबद्धता, ग्राहक-प्रथम दृष्टिकोण और हमारे सभी भौगोलिक क्षेत्रों में हमारे सम्मानित ग्राहकों को प्राकृतिक गैस और सर्वोत्तम सेवा प्रदान करने के हमारे दृष्टिकोण को दर्शाते हैं। प्रोजेक्ट एस्पायर के माध्यम से, हम एक मजबूत प्राकृतिक गैस पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण में तेजी ला रहे हैं जो भारत के सतत विकास को गति देगा।"

यह सम्मान प्राकृतिक गैस, एक स्वच्छ और हरित ईंधन, की पहुँच का विस्तार करने और गैस-आधारित अर्थव्यवस्था की ओर भारत की यात्रा को मजबूत करने के लिए बीपीसीएल की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड **(BPCL)** के बारे में**:**
फॉर्च्यून ग्लोबल 500 कंपनी, भारत पेट्रोलियम भारत की दूसरी सबसे बड़ी ऑयल मार्केटिंग कंपनी है और एक एकीकृत ऊर्जा कंपनी है, जो कच्चे तेल के शोधन और पेट्रोलियम उत्पादों के विपणन में संलग्न है। कंपनी तेल और गैस उद्योग के अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम दोनों क्षेत्रों में सक्रिय है। भारत पेट्रोलियम को प्रतिष्ठित "महारत्न" का दर्जा प्राप्त है, जिससे इसे अधिक संचालनात्मक और वित्तीय स्वायत्तता प्राप्त होती है।
भारत पेट्रोलियम की रिफाइनरियां – मुंबई, कोच्चि और बीना में स्थित हैं, जिनकी संयुक्त शोधन क्षमता लगभग 35.3 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष (MMTPA) है। इसका विपणन ढांचा कई इंस्टॉलेशनों, डिपो, फ्यूल स्टेशन, एविएशन सर्विस स्टेशन और एलपीजी वितरकों के नेटवर्क से बना है। इसका वितरण नेटवर्क निम्नलिखित शामिल करता है:
23,500+ फ्यूल स्टेशन,6,200+ एलपीजी वितरक, 500+ ल्यूब्रिकेंट वितरक, 80 POL भंडारण स्थल, 54 एलपीजी बॉटलिंग प्लांट, 79 एविएशन सर्विस स्टेशन, 5 ल्यूब ब्लेंडिंग प्लांट, और5 क्रॉस-कंट्री पाइपलाइंस।

भारत पेट्रोलियम अपनी रणनीति, निवेश, पर्यावरणीय और सामाजिक महत्वाकांक्षाओं को एकीकृत कर एक स्थायी भविष्य की ओर बढ़ रहा है। कंपनी ने 6500+ फ्यूल स्टेशनों पर इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए हैं। टिकाऊ समाधानों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, कंपनी 2040 तक नेट ज़ीरो एनर्जी कंपनी (Scope 1 और Scope 2 उत्सर्जन में) बनने के लिए एक रोडमैप और इकोसिस्टम विकसित कर रही है। भारत पेट्रोलियम सामुदायिक भागीदारी के तहत शिक्षा, जल संरक्षण, कौशल विकास, स्वास्थ्य, सामुदायिक विकास, क्षमता निर्माण और कर्मचारियों की स्वयंसेवा जैसी पहलों का समर्थन करता है।
'एनरजाइज़िंग लाइव्स' को अपना मुख्य उद्देश्य मानते हुए, भारत पेट्रोलियम की दृष्टि है:
प्रतिभा, नवाचार और प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए एक प्रशंसित वैश्विक ऊर्जा कंपनी बनना।

---

**For further details, please get in touch with;**


Raman Malik
Head (PR & Brand),
Email: malikr@bharatpetroleum.in
Phone: +91 22 22713340

Saurabh Jain,
Deputy General Manager (PR & Brand)
Email: jains4512@bharatpetroleum.in
Phone: + 91 9895095210

Priyanka Shinde
M: +91 84335 78070
E: priyanka.shinde@conceptpr.com